# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान

**VIDYA BHARATI AKHIL BHARATIYA SHIKSHA SANSTHAN**

प्रज्ञा सदन, सरस्वती बाल मन्दिर परिसर, महात्मा गांधी मार्ग, नेहरू नगर, नई दिल्ली–110 065,

**Pragya Sadan, G.L.T. Saraswati Bal Mandir, Ring Road, Nehru Nagar, New Delhi-65**


---

पत्र क्रमांक : वि.भा. / 179 / 2020–21 दिनांक : 02 फरवरी, 2021

प्रति,

क्षेत्रीय मंत्री / संगठन मंत्री / कार्यालय,

प्रान्तीय मंत्री / संगठन मंत्री / कार्यालय,

**विषय : राष्ट्रीय कामधेनु आयोग द्वारा आयोजित ''कामधेनु गौ–विज्ञान प्रचार–प्रसार परीक्षा''।**

आदरणीय बन्धुवर,

सादर नमस्कार।

राष्ट्रीय कामधेनु आयोग द्वारा गौ–संरक्षण व गौ–संवर्धन की दृष्टि से जन सामान्य, युवा तथा विद्यार्थी वर्ग को जागरूक करने हेतु ''**कामधेनु गौ–विज्ञान प्रचार–प्रसार परीक्षा**'' का आयोजन किया है, जो ऑनलाइन होगी। परीक्षा पूर्णतः निशुल्क है। अध्ययन सामग्री आयोग की बेवसाइट पर उपलब्ध रहेगी। परीक्षा में भाग लेने के लिये https://kamdhenugvppexam.org/registration.html लिंक पर पंजीकरण करना होगा। परीक्षा या गौविज्ञान से सम्बन्धित जानकारी के लिये राष्ट्रीय कामधेनु की वेबसाइट kamdhenu.gov.in पर 'EXAM' लिंक पर क्लिक करें। विस्तृत जानकारी संलग्न प्रपत्रों से प्राप्त करें।

राष्ट्रीय कामधेनु आयोग द्वारा जनजागरण का यह एक प्रसंशनीय कार्य है। हमें इस परीक्षा में अधिकाधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को सम्मिलित करा कर सहयोग करना गौ–रक्षण एवं गौ–संवर्धन के लिये उपयोगी होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

भवदीय

श्रीराम आरावकर
महामंत्री

# कामधेनु
# गौ-विज्ञान
# प्रचार प्रसार परीक्षा

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कामधेनु आयोग का गठन देसी नस्ल की गायों और उनकी संतति के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए किया गया है। राष्ट्रीय कामधेनु आयोग नीति का निर्माण करने और गाय से सम्बंधित योजनाओं के कार्यान्वयन को दिशानिदेश देने के लिए अच्छा अधिकार प्राप्त स्थायी निकाय है जिससे की छोटे किसानों, युवाओं, महिलाओं के आजीविका सृजन पे अधिक जोर दिया जा सके।

विद्यार्थियों , युवा पीढ़ी एवं जन जन तक देशी गायों के सर्वांगीण महत्व को पहुंचाने के लिए , इस बारे में लोगों को पढ़ने और सही जानकारी जुटाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय कामधेनु आयोग **कामधेनु गौ विज्ञान प्रचार प्रसार परीक्षा** का आयोजन करने जा रहा है। देशी नस्ल की गायों के बारे में जो जानकारी जन समुदाय तक होनी चाहिए वो सब, एवं इस विषय में उत्सुकता जगाने की दिशा में, शोध कार्यो के लिए प्रेरित करने की दिशा में और गायों के माध्यम से आमदनी कैसे की जा सकती है इसकी सही जानकारी देने की दिशा में ये एक प्रभावी कदम होगा। जो गाये दूध नहीं देती उनके भी समुचित आर्थिक उपयोग को गौ पालक एवं समाज तक पहुंचाने में उपयुक्त वातावरण का निर्माण करने में सहायक होगा।

कामधेनु गौ विज्ञान प्रचार प्रसार परीक्षा से जुडी महत्त्वपूर्ण बातें -

१. ये एक ऑनलाइन परीक्षा होगी। तारीख एवं अन्य जानकारियां राष्ट्रीय कामधेनु आयोग की वेबसाइट kamdhenu.gov.in और kamdhenu.blog और सोशल मीडिया पे जारी कर दी गयी हैं।

२. ये परीक्षा चार श्रेणियों के परीक्षार्थियों में विभाजित होगी।

- प्राथमिक (कक्षा ८ वीं तक के छात्र),
- माध्यमिक (कक्षा ९ वीं से कक्षा १२ वीं तक)
- कॉलेज (१२ वीं के बाद)
- आम जनता के लिए

३. कामधेनु गौ विज्ञान परीक्षा 100 अंकों की और १ घंटे की अवधि - हिंदी, अंग्रेजी और १२ क्षेत्रीय भाषाओं में होगी। सभी क्षेत्रीय भाषाएँ इस प्रकार हैं –

पंजाबी, गुजराती, मराठी, कन्नड़, तुलु, कोंकणी, मलयालम, तमिल, तेलुगु, ओडिया, बंगाली, असमिया

४. परीक्षा निःशुल्क है ।

५. परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न-उत्तर (MCQ, बहुविकल्पीय प्रश्न) होंगे।

६. सन्दर्भ पुस्तकों के साथ-साथ गायों पर अन्य साहित्य को जिन्हें राष्ट्रीय कामधेनु आयोग  की वेबसाइट पर प्रकाशित किया  गया है और जो आगे किया जाएगा, परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी में मदद करेगी। ब्लॉग, वीडियो और अन्य चयनित पठन सामग्री आयोग की  वेबसाइट पर अपलोड की रही हैं।

७. वैज्ञानिक, उद्यमी, गौ सेवक, किसान, युवा और महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक सक्रिय रूप से इस भव्य समारोह को सफल बनाने के लिए काम करेंगे।

८. परीक्षा पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की जाएगी। प्रश्न इस तरह से लिखा जाएगा कि ऑनलाइन परीक्षा के दौरान सभी को अलग-अलग प्रश्न मिल जाए।

९. परिणाम तुरंत घोषित किए जाएंगे और सभी को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

१०. सफल मेधावी उम्मीदवारों को बाद में पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

११. इस परीक्षा के आयोजन में मदद करने वाले सभी लोगों को प्रशंसा पत्र जारी किए जाएंगे।

१२. इस ऑनलाइन परीक्षा के लिए पंजीकरण लिंक राष्ट्रीय कामधेनु आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जो "kamdhenu.gov.in" / "kamdhenu.blog" है।

१३. इस परीक्षा की सफलता के लिए, केंद्रीय शिक्षा मंत्रियों / मुख्यमंत्रियों / राज्य के शिक्षा मंत्रियों / सभी राज्यों के गौ सेवा संगठनों के अध्यक्ष / सभी राज्यों के जिला शिक्षा अधिकारी / सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य / प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, गैर सरकारी संगठन और गाय दानकर्ता इस विशाल अभियान में शामिल हों।

कामधेनु गौ विज्ञान प्रचार प्रसार परीक्षा भविष्य में कामधेनु आयोग द्वारा  वार्षिक रूप से आयोजित की जाएगी।  आशा है कि कामधेनु गौ-विज्ञान परीक्षा स्वदेशी गाय के विज्ञानं के बारे मे आम आदमी में रुचि पैदा करने और प्रेरणा देने का एक लंबा रास्ता तय करेगी। न केवल किसान और गोपालक बल्कि शिक्षित युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों द्वारा भी इसके लाभ को समझ कर देश की आर्थिक समृद्धि का वाहक बनेगी ।  यह  हरित भारत, डिजिटल भारत, स्वच्छ भारत,  स्वस्थ भारत आदि  माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की अवधारणाओं के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को भी पूरा करेगा।

**वन्दे गौ मातरम्।**